03.

राजस्थान का इतिहास

(i) राजस्थान के इतिहास के स्रोत (अभिलेख एवं सिक्के)

1. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'कालीबंगा सभ्यता' के विषय में सही नहीं है?

(a) कालीबंगा से ऊँट की हड्डियों के साक्ष्य मिले हैं।
(b) कालीबंगा से प्रथम अंकित किए गए भूकंप के साक्ष्य मिले हैं।
(c) कालीबंगा की खोज एक इतावली इंडोलॉजिस्ट लुइगी पियो टेसिटोरी ने की थी।
(d) प्राक् हड़प्पा अग्निवेदियों के साक्ष्य मिले हैं।

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (d) : राजस्थान के हनुमानगढ़ (पूर्व में गंगानगर) जिले में घग्घर नदी के बायें तट पर स्थित कालीबंगा सैन्धव सभ्यता का महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ पर उत्खनन कार्य बी.बी.लाल तथा बी.के. थापड़ के नेतृत्व में 1961 ई. में कराया गया। यहाँ से जुते हुए खेत, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के प्रमाण, अग्निकुण्ड तथा उत्तर कालीबंगा से अग्निवेदिका के साक्ष्य प्राप्त होते हैं।

2. ''अतारकिन–का–दरवाजा'' राजस्थान के निम्न में से किस जिले में स्थित है?

(a) नागौर (b) अजमेर
(c) जालौर (d) चित्तौड़गढ़

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : ''अतारकिन का दरवाजा'' राजस्थान के नागौर में दिल्ली सल्तनत शासक इल्तुतमिश के द्वारा ख्वाजा हमीदुद्दीन नागौरी की याद में बनवाया गया था, जो बाद में अकबर के बुलंद दरवाजा का प्रेरणास्त्रोत बना।

3. अहाड़ के उत्खनन से प्राप्त कौन सी सामग्री बाह्य सम्पर्कों का संकेत देती है।

(a) ताम्र उपकरण (b) सैलखड़ी मनके
(c) लेपिस लाजुली (d) टेराकोटा मनके

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (c) : अहाड़ के उत्खनन से प्राप्त लेपिस लाजुली (पीला रंग) सामग्री वाह्य सम्पर्को से संकेत देती हैं। अहाड़ का प्राचीन नाम ताँबा वाली जगह है। इस स्थल से ताँबे के बने औजार प्राप्त हुए है एवं लाल काले लेप के मृदभांड प्राप्त हुआ है।

4. गणेश्वर राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) चूरू (b) हनुमानगढ़
(c) सीकर (d) झुंझुनू

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (c) – 'गणेश्वर' राजस्थान का एक ताम्रयुगीन संस्कृति का महत्वपूर्ण पुरास्थल है, जो राज्य के 'सीकर' जिले में स्थित है। गणेश्वर सभ्यता कांतली नदी के किनारे स्थित है। इस पुरास्थल का उत्खनन 1977 में रतनचन्द्र अग्रवाल के द्वारा कराया गया था। गणेश्वर सभ्यता को 'पुरातत्व का पुष्कर' भी कहा जाता है।

5. किस स्थान पर सरस्वती नदी के लुप्त होने का उल्लेख महाभारत में हुआ है?

(a) विनशन (b) त्रवणी
(c) वल्ल (d) कालीबंगा

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (a) : महाभारत में सरस्वती नदी के 'विनाशना या विनशन' नामक जगह पर विलुप्त होने का वर्णन है। इसी नदी के किनारे ब्रह्मवर्त या, कुरूक्षेत्र था, लेकिन आज वहां जलाशय है।

6. घोसुण्डी शिलालेख किस भाषा में लिपि बद्ध है?

(a) प्राकृत (b) राजस्थानी
(c) अपभ्रंश (d) संस्कृत

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (d) : घोसुण्डी शिलालेख ब्रह्मी लिपि एवं संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध किया गया है। यह द्वितीय शताब्दी ई.पू. का शिलालेख है। यह शिलालेख चित्तौड़ के निकट घोसुण्डी गाँव में प्राप्त हुआ है। यह राजस्थान में वैष्णव या भागवत सम्प्रदाय से संबंधित सबसे प्राचीन शिलालेख है।

7. 'घोसुण्डी' का शिलालेख स्थित है-

(a) बारां में (b) चित्तौड़गढ़ में
(c) भीलवाड़ा में (d) अजमेर में

Agriculture Superviser 2021
कृषि पर्यवेक्षक -2021

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. घोसुण्डी अभिलेख किस लिपि में लिखा गया है?

(a) खरोष्ठी (b) ब्राह्मी
(c) प्राकृत (d) संस्कृत

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022
लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

9. राजस्थान में वैष्णव-धर्म का प्राचीनतम अभिलेख कहाँ से प्राप्त हुआ है?

(a) घोसुण्डी (b) नान्दसा
(c) बर्नाला (d) मण्डोर

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।